पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने शिक्षक दिवस पर सम्मानित किया

लखनऊः 05 सितम्बर 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय द्वारा साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में प्रो0 चन्द्रावती एवं प्रो0 सतीश चन्द्र को अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो0 एम0एल0बी0 भट्ट, पूर्व कुलपति प्रो0 डी0के0 गुप्ता, प्रो0 विनीता दास, प्रो0 शादाब मोहम्मद सहित विश्वविद्यालय के पूर्व एवं वर्तमान शिक्षकगण उपस्थित थे।

राज्यपाल ने डाॅ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करते हुए कहा कि समाज के निर्माण में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। विद्यार्थी अगर कच्ची मिट्टी हैं तो शिक्षक मूर्तिकार। मूर्तिकार कैसी मूर्ति बनाता है, यही शिक्षक की विशेषता होती है। अन्य शिक्षकों की अपेक्षा चिकित्सा शिक्षा से जुड़े शिक्षकों में मौलिक अंतर है। शिक्षक की पहचान छात्रों से होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षक और छात्र का रिश्ता हमेशा एक जैसा ही रहता है।

श्री नाईक ने कहा कि 'मेरे परिवार में शिक्षा से काफी जुड़ाव रहा है। मेरे पिता हाईस्कूल में प्रधानाध्यापक थे, भाई शिक्षा विभाग के प्रमुख थे तथा पत्नी एवं भाभी दोनों शिक्षिका थीं। मैं राजनीति में था पर अब 29 विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति हूँ।' उन्होंने 'चरैवेति! चरैवेति!!' श्लोक उद्धृत करते हुए कहा कि जगत वंदनीय होने के लिए निरन्तर चलते रहने की आवश्यकता है। निरन्तर आगे बढ़ने से जीवन में सफलता मिलती है।

पूर्व कुलपति प्रो0 डी0के0 गुप्ता ने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि दायित्व से आगे मानवता के बारे में सोचंे। शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं जो अगली पीढ़ी को आकार देते हैं। समाज में चिकित्सा सेवा से जुड़े लोगों से अधिक अपेक्षायें होती हैं। उन्होंने कहा कि अपनी जिम्मेदारी को महसूस करते हुए विश्वविद्यालय की गरिमा का भी ध्यान रखें।

प्रो0 चन्द्रावती ने कहा कि शिक्षक सेवा से सेवानिवृत्त हो सकता है परन्तु शिक्षा से कभी सेवानिवृत्त नहीं होता। ज्ञान और मानवता ही शिक्षक की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को चाहिए कि वे अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से ऐसा उदाहरण प्रस्तुत करें जो युवाओं का मार्ग प्रशस्त करे।

कार्यक्रम में कुलपति प्रो0 एम0एल0बी0 भट्ट सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर राज्यपाल द्वारा प्रो0 अशोक चन्द्रा की पुस्तक 'क्लीनिकल मेडिसिन' तथा श्री अनुराग कुमार की पुस्तक 'बाइपोलर' का विमोचन भी किया गया।

अंजुम/ललित/राजभवन (336/8)

King George's Medical University

King George's Medical University
Teachers' Day Celebration
BIPOLAR
Prof Vinita Das
Dean Medicine
Prof MLB Bhatt
Vice Chancellor
Shri Ram Naik Ji
Hon'ble Governor & Chancellor
Prof D K Gupta
Prof Chandrawati